हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

11 नशे के खिलाफ फूटा गांव का गुस्सा, पुलिस को दी चेतावनी



12 विकास कार्यों पर घिरा पालिका प्रशासन, पार्षदों ने मांगा हिसाब



## खरीफ फसलों को संजीवनी मिली, लेकिन कई शहरों में जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खुली

# मानसून सक्रिय : कहीं राहत तो कहीं जलभराव का कहर

## काली घटाओं के साथ मानसून मेहरबान पहली बरसात ने दी गर्मी से निजात

**खेतों में लौटी जान, किसानों की बढ़ती लागत पर लगी मरहम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को आखिरकार मानसून फतेहाबाद जिले पर मेहरबान हो गया। सुबह तड़कें आसमान पर काली घटाएं छाई और देखते ही देखते जिले के कई हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हो गया। जुलाई महीने की यह पहली प्रभावी मानसूनी बारिश रही, जिसने पिछले कई दिनों से भीषण उमस और गर्मी से बेहाल लोगों को राहत दी। वहीं खेतों में नमी पहुंचने से किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई। बारिश ऐसे समय हुई है, जब धान सहित खरीफ फसलों को बचाने के लिए किसान डीजल पंपों से सिंचाई करने को मजबूर थे। बारिश की कमी के कारण खेतों की मिट्टी फटने लगी थी और सिंचाई पर बढ़ते खर्च से खेती की लागत लगातार बढ़ रही थी। मंगलवार की बारिश ने किसानों को राहत देने के साथ बेहतर फसल की उम्मीद भी जगा दी।

पिछले करीब दो सप्ताह से जिले में बारिश नहीं होने के कारण उमस लगातार बढ़ रही थी। दिनभर चिपचिपी गर्मी से लोगों का जनजीवन प्रभावित था। बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही थी, क्योंकि घरों से लेकर खेतों तक एसी, कूलर और ट्यूबवेल लगातार चल रहे थे। मंगलवार सुबह मौसम ने करवट ली तो ठंडी हवाओं और बारिश ने पूरे वातावरण को तरोताजा कर दिया। बाजारों, कॉलोनियों और गांवों में लोगों ने राहत की सांस ली, जबकि किसानों ने इसे खरीफ सीजन के लिए शुभ संकेत माना।



फतेहाबाद। धर्मशाला रोड पर थोड़ी सी बरसात से भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### भट्टूकलां में सबसे ज्यादा 27 एमएम बारिश

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की वर्षा रिपोर्ट के अनुसार सोमवार सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक जिले में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक भट्टू कलां में 27 एमएम बारिश हुई। इसके अलावा फतेहाबाद में 11 एमएम, रतिया में 10 एमएम, भूना में 4 एमएम और कुलां में 3 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं टोहाना और जाखल में बारिश नहीं हुई, जिससे इन क्षेत्रों के किसान अब भी अच्छी बरसात का इंतजार कर रहे हैं।

### बिजली आपूर्ति में भी सुधार

बारिश के बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार देखने को मिला। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ी बिजली खपत के कारण फीडरों और ट्रांसफार्मरों पर दबाव बना हुआ था, लेकिन तापमान में गिरावट और उमस कम होने से बिजली की मांग घटी है। इससे सप्लाई पहले की तुलना में अधिक सुचारु रही और लोगों को राहत मिली।

### 24 तक बारिश के आसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि मानसून ट्रफ, जो पिछले दिनों हिमालय की तलहटी की ओर खिसक गई थी, अब दक्षिण की ओर सक्रिय होने लगी है। साथ ही पंजाब के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण हरियाणा में मानसूनी गतिविधियां तेज होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई तक प्रदेश में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में बीच-बीच में बादल छाए रहेंगे तथा गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश भी हो सकती है।

## सिरसा शहर बना झील, 100 करोड़ खर्च, फिर भी हालात जस के तस

**सिरसा शहर में 58 एमएम, कालांवाली में 36 एमएम हुई बरसात**





सिरसा। शहर के शिव चौक के पास जमा बरसाती पानी, बस स्टैंड के निकट झील बनी सड़क तथा गड्ढों में फंसा वाहन। फोटो : हरिभूमि

सिरसा। जिला में मंगलवार तडक़े मानसून की पहली बरसाती हुई। बरसात से जहां फसलों को संजीवनी मिली वहीं शहरी क्षेत्र में बरसात आफत बनी। शहर की सड़कें लबालब हो गई और निचले इलाकों में बरसाती पानी घरों में घुस गया। सिरसा शहर में 58 एमएम, कालांवाली में 36 जबकि जिला के अन्य स्थानों पर हलकी बरसात हुई। बरसात ने प्रशासन के दावों की भी पोल खोल दी। दोपहर तक सड़कों पर तीन से चार फुट पानी खड़ा रहा और लोगों को परेशानी हुई। शहर में स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के तहत खोदी गई सड़कों ने कोढ़ में खाज का काम किया। नगर परिषद द्वारा शहर में करीब 100 करोड़ के बजट से बिछाई गई स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट की पोल खुलकर सामने आ गई है। शहर के जिन एरिया में स्टार्म वॉटर की पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है, उन एरिया में भी जलभराव की वजह से झील जैसे हालात बन गए। शहर की जो हालात दशकों पहले थी, वैसी ही हालात करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी बनी हुई है। कई वाहन इन गड्ढों में फंस गए। शहरवासी शासन-प्रशासन को कोसते रहे। दुकानदारों को अपनी दुकानें भी बाद दोपहर खोलनी पड़ी। हिसार, कीर्ति नगर, अग्रसेन कॉलोनी, रानियां बाजार, सुरतगढिय़ा बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, जनता भवन रोड, सर्कुलर रोड, बी ब्लॉक, परशुराम चौक, गोल डिग्गी चौक आदि प्रमुख बाजार, सड़कें, कॉलोनियां और निचले इलाके जलमग्न हो गए, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां तक कई स्थानों पर स्कूली बसें व अन्य वाहन फंस हुए दिखाई दिए। शहर के कई स्थानों पर घरों और दुकानों में पानी घुस गया, जबकि सड़कें तालाब जैसी दिखाई देने लगीं। जनता भवन रोड पर सभी दुकानदारों को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करने पड़े। शहर के प्रमुख बाजारों में भी कारोबार प्रभावित रहा। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने, जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासनिक हेल्पलाइन से संपर्क करने की अपील की है।

### स्टॉर्म वॉटर प्रोजेक्ट बना आफत

शहर में स्टार्म वॉटर कार्य चल है, जिसके कारण शहर के अनेक स्थानों पर सड़के खुदी हुई है। इसके अलावा शहर की विभिन्न गलियों में भी निर्माण कार्य जारी है जो कि प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण अधूरा पड़ा है। मानसून की पहली बारिश होते ही शहर के अनेक स्थानों पर सीवरों के जाम होने की शिकायतें आने लगी। अनेक स्थानों पर पेयजल की सीवरयुक्त पेयजल की सप्लाई होने की शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकारियों ने जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण कर पंपों के माध्यम से पानी निकालने के निर्देश दिए।

### विकास दावे पानी में बहे: सैलजा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मानसून की पहली ही वर्षा ने सिरसा सहित हरियाणा के अनेक शहरों में विकास के सरकारी दावों की वास्तविकता उजागर कर दी है जगह-जगह जलभराव, टूटी सड़कें, धंसी गलियां, जाम सीवरेज और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पहली ही बारिश में शहरों का जनजीवन प्रभावित होना सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि वह पहले भी कई बार हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सिरसा शहर की सड़कों, सीवरेज, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग कर चुकी हैं, लेकिन सरकार ने जनता की आवाज़ को अनसुना कर दिया। यदि समय रहते आवश्यक कदम उठाए गए होते तो आज सिरसा सहित हरियाणा के अधिकांश शहरों के लोगों को पहली ही बारिश में इस प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता।

## लोहगढ़ माइनर का लिंक चैनल टूटा

**15 एकड़ फसल जलमग्न, किसानों को नुकसान की आशंका**

डबवाली। क्षेत्र में मौजगढ़ हेड से निकलने वाले लोहगढ़ माइनर का लिंक चैनल गांव सकताखेड़ा के निकट किसान हजूर सिंह मान के खेत के पास टूट गया। इस घटना से लगभग 15 एकड़ में खड़ी नरमे की फसल पानी में डूब गई, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के किसान तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने नहरी विभाग के अधिकारियों का इंतजार किए बिना स्वयं ही मिट्टी और अन्य संसाधनों की मदद से टूटे हुए लिंक चैनल को बांधने का काम शुरू कर दिया। किसानों ने सिंचाई विभाग पर आरोप लगाए कि कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा और न ही किसी ने मौके पर आकर जाजया लिया। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते पानी को नहीं रोका जाता, तो और अधिक खेतों में पानी भर सकता था और नुकसान का दायरा काफी बढ़ सकता था। रविवार सुबह से टूटने के बाद काम देर रात तक चला। इस घटना से उन्हें आर्थिक क्षति होने की संभावना है। किसानों ने आरोप लगाया कि सूचना दिए जाने के बावजूद नहरी विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। विभाग की ओर से केवल एक बेलदार ही मौजूद था। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर किसानों में गहरा रोष देखा गया। किसान नेता मिठु कंबोज ने बताया कि लोहगढ़ माइनर का यह लिंक चैनल काफी समय से जर्जर अवस्था में है। क्षेत्र के किसान लंबे समय से इसे आरसीसी चैनल में बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि डबवाली क्षेत्र के कई माइनर और खेतों में बने पक्के खाल पुराने और कमजोर हो चुके हैं, जिससे बार-बार टूटने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। किसानों ने सरकार से मांग की है कि क्षेत्र के पुराने हो चुके माइनरों और पक्के खालों का सर्वे करवाकर उनका पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें और सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।




डिंग। मंडी में जलभराव से गुजरात बाइक चालक। फोटो : हरिभूमि

## डिंग मंडी में गलियों ने लिया नदी का रूप

**लोगों का आरोप : बार-बार मांगपत्र देने के बावजूद नहीं हुआ समाधान**

डिंग। जब भी बरसात होती है तो डिंग मंडी की दयनीय हालत देखकर शायद भगवान भी सोचने को मजबूर हो जाते हैं कि आखिर इस समस्या के लिए पंचायत, प्रशासन या सरकार में से कौन जिम्मेदार है। हालात इतने गंभीर हैं कि डिंग मंडी के निवासी ही नहीं, बल्कि बाहर से आने वाले लोग भी यहां की बदहाल व्यवस्था को कोसते नजर आते हैं। मानसून ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन मंगलवार सुबह हुई महज 5 एमएम बरसात ने डिंग मंडी की सूखी गलियों और सड़कों को नदियों का रूप दे दिया।

मामूली बरसात के बाद ही रेलवे स्टेशन के सामने वाली सड़क पर भारी जलभराव हो गया। यह सड़क हर बार की तरह एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जलभराव के कारण रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। आसपास के गांवों से ट्रेन पकडऩे के लिए आने वाले यात्रियों के लिए स्टेशन तक पहुंचना मुश्किल हो गया। लोगों को अब पूरे मानसून के दौरान होने वाली परेशानी की चिंता सताने लगी है। गौरतलब है कि इससे पहले डिंग बाजार का बरसाती पानी रेलवे स्टेशन की खाली पड़ी भूमि में चला जाता था, लेकिन रेलवे विभाग द्वारा पानी की निकासी का रास्ता रोक दिए जाने के बाद बाजार के बरसाती पानी की निकासी बाधित हो गई। अब मामूली बरसात होते ही रेलवे स्टेशन के सामने सड़क पर पानी जमा हो जाता है। सड़क पर पानी भरा रहने से वाहन चालकों और राहगीरों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर पंचायत और ग्रामीणों द्वारा सरकार, प्रशासन, मंत्रियों तथा विभागीय अधिकारियों को सैकड़ों मांगपत्र और ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

## 1 किलो अफीम बरामदगी में सप्लायर गिरफ्तार

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जाखल पुलिस ने 1 किलो 330 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपाल उर्फ बब्बल पुत्र काला राम निवासी गांव जमालपुर, तहसील टोहाना के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सीआईए टोहाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव म्योद कलां-साधनवास रोड पर गुरु नानक राइस मिल के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार दो युवकों सोनू और आकाशदीप उर्फ मुस्सा निवासी गांव म्योद कलां को काबू किया गया था। नियमानुसार जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसमें से 1 किलो 330 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

## जाखल मंडी में 4 बच्चों के पिता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, रेलवे स्टेशन पर करता था काम

फतेहाबाद। जिले के जाखल मंडी स्थित नायक बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का अत्यंत दुखद मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कर्मवीर सिंह के रूप में हुई है, जो चार बच्चों के पिता थे और जाखल रेलवे स्टेशन स्थित एक फूड स्टाल पर हेल्पर के रूप में काम करते थे। मंगलवार को घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।



मृतक कर्मवीर सिंह का फाइल फोटो।

मिली जानकारी के अनुसार, कर्मवीर सिंह का परिवार पिछले करीब दो वर्षों से नई बस्ती में रह रहा था। जिस जगह यह घटना हुई, वह उनका पुराना मकान था जो बारिश के कारण काफी जर्जर हो चुका था। कर्मवीर सिंह अचानक अपने उसी पुराने मकान में गए और अंदर फंदा लगा लिया। जब परिजनों और आसपास के लोगों को इसकी भनक लगी, तो इलाके में हडक़ंप मच गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि कर्मवीर सिंह की शादी करीब 18 वर्ष पूर्व जींद निवासी अमरजीत कौर के साथ हुई थी। परिजनों का कहना है कि कर्मवीर सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा 3 बेटियों और एक बेटे को छोड़ गए हैं। इस अचानक हुई घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## होटल में युवक ने लगाई फांसी

फतेहाबाद। सिरसा रोड स्थित होटल इन में 25 वर्षीय एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक की पहचान भट्टू कलां निवासी प्रवीण कुमार के रूप में हुई हैं, मगर परिवार फिलहाल फतेहाबाद की अग्रवाल कॉलोनी में रह रहा है। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार प्रवीण पिछले एक सप्ताह से इस होटल में आता था और कमरा किराए पर लेकर रुकता था। इसके बाद सुबह के समय वापस चला जाता था। मंगलवार को वह होटल के कमरे में ठहरा हुआ था। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो होटल कर्मियों को संदेह हुआ। इसके बाद उसका कमरा खोलकर देखा गया तो वह पंखें से फंदे पर लटका मिला।

## रतिया में पंजाब सीमा पर पुलिस का कड़ा पहरा किसानों के दिल्ली कूच को लेकर नाकेबंदी

रतिया। किसानों द्वारा अमेरिका के साथ प्रस्तावित डील के विरोध में दिल्ली कूच के ऐलान को देखते हुए रतिया पुलिस पंजाब बॉर्डर पर पूरी तरह अलर्ट हो गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए पुलिस ने पंजाब से लगने वाले सीमावर्ती इलाकों पर निगरानी बढ़ा दी है। सदर थाना प्रभारी शीशपाल के अनुसार, उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पंजाब से हरियाणा में प्रवेश करने वाले बह्मानवाला, मेहमडा और बीराबदी मार्गों पर विशेष नाके लगाए गए हैं। पंजाब की ओर से आने-जाने वाले हर वाहन की गहनता से जांच की जा रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पूरी पड़ताल के बाद ही उसे क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शरारती और संदिग्ध तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों और चालकों की आवाजाही के लिए रास्ते पूरी तरह से खुले हैं।



रतिया। पंजाब बार्डर पर तैनात पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## डोडा पोस्त के साथ पंजाब के दो अंतरराज्यीय तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद की टीम ने 10 किलो 985 ग्राम डोडा पोस्त सहित पंजाब निवासी दो अंतरराज्यीय नशा तस्करों को रतिया क्षेत्र से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मारुति ऑल्टो कार को भी तुरंत कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है। एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद के प्रभारी उप निरीक्षक वेद प्रकाश ने बताया कि एएसआई अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रतिया-टोहाना बाईपास क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और असामाजिक तत्वों की चेकिंग के लिए तैनात थी। इसी दौरान टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पंजाब के मानसा जिले के बरेटा निवासी अजय कुमार और रोमी सिंह एक सफेद रंग की ऑल्टो कार में भारी मात्रा में डोडा पोस्त भरकर रतिया क्षेत्र की ढाणियों में सप्लाई करने आ रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत ढाणी शेरगढ़ के कच्चे रास्ते पर रणनीति बनाकर नाकाबंदी की। सामने पुलिस नाका देखकर कार चालक ने घबराकर गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर कार सवार दोनों युवकों को मौके पर ही दबोच लिया।

### राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# रजिस्ट्री की डिलीवरी 24 घंटे में सुनिश्चित करें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को राजस्व संबंधी सेवाएं पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रजिस्ट्री की डिलीवरी 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। बैठक के दौरान डीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि रिजेक्ट की गई रजिस्ट्रियों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें तथा प्रत्येक मामले के तथ्यों की जांच करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि रजिस्ट्री का रिजेक्शन केवल वैध एवं उचित कारणों के आधार पर ही किया गया हो। यदि किसी मामले में अनावश्यक रूप से आवेदन निरस्त किया गया है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। डीसी ने जनसंवाद पोर्टल, समाधान शिविर, सीएम विंडो तथा अन्य ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी साप्ताहिक समीक्षा भी नियमित रूप से की जाए।



फतेहाबाद। राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### सभी तहसीलों में नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर दिया बल

डॉ. विवेक भारती ने सभी तहसीलों में नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर बल देते हुए कहा कि तहसील परिसरों में स्वच्छता की समुचित व्यवस्था, साफ-सुथरे शौचालय तथा पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में डीसी ने हाल ही में नियुक्त हुए पटवारियों एवं अन्य कर्मचारियों को सभी राजस्व मॉड्यूल की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए प्रत्येक कर्मचारी का सभी मॉड्यूल में दक्ष होना आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक सब-डिवीजन स्तर पर विभिन्न मॉड्यूल के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए जाएं, जो संबंधित कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करें।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

## हॉलीवुड मसाला




# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।




# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।



# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।



# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?



### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### सभी जलघरों की खाली पड़ी भूमि पर लगेंगे पौधे

**रतिया।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रतिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित हरियाणा अभियान के तहत सभी जलघरों में खाली पड़ी भूमि पर वर्षा ऋतु के दौरान व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इस संबंध में उपमंडल अभियंता अंचल जैन ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आंचल जैन ने कहा कि पौधारोपण प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है।

### अपनी जगह पेपर दिलवाने वाला अभ्यर्थी भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बैठाकर पेपर दिलाने के गंभीर मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में बस अड्डा चौकी पुलिस ने वास्तविक अभ्यर्थी सावन पुत्र विनोद निवासी गांव दहमन, जिला फतेहाबाद को भी गिरफ्तार कर शामिल जांच कर लिया है। पुलिस इस मामले में फर्जी परीक्षार्थी को पहले ही दबोच चुकी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि यह कार्रवाई राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में नियुक्त परीक्षा केंद्र सुपरिंटेंडेंट नरेंद्र कुमार, पीजीटी अंग्रेजी की शिकायत पर अमल में लाई गई थी। शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई को 10वीं कक्षा के हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान स्पेशल फ्लाइंग टीम ने कक्ष संख्या-16 का औचक निरीक्षण किया था।

### बबनपुर में गुरमत एवं दस्तार सिखलाई कैंप लगाया

**रतिया।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बच्चों को सिख इतिहास एवं संस्कृति से जोडने के लिए गुरद्वारा सिंह सभा ढाणी बबनपुर में एक सप्ताह का कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में बच्चे बढ़ चढ़ शामिल हुए और इस कैंप के समापन समारोह मौके बच्चों को सम्मानित किया गया। इस सात दिवसीय कैंप में प्रचारक कुलदीप सिंह द्वारा सेवाएं निभाई गई। इस समापन समारोह मौके हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य काका सिंह लधुवास, इकबाल सिंह खोखर, गुरमेल सिंह सहनाल आदि शामिल हुए।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 23 को

**सिरसा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 जुलाई को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लेंगे। बैठक में 3 लंबित व 16 नई शिकायत सहित 19 शिकायतें सुनी जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा बैठक की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### पर्यावरण संरक्षण का निभाए दायित्वः जगदीश

**ओढां।** चौधरी देवी लाल राजकीय इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान पन्नीवालामोटा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके निदेशक प्राचार्य जगदीश कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति-एक वृक्ष का संकल्प लेकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सकते हैं।

### पुलिसकर्मी की बेटी के विवाह पर सहायता

**फतेहाबाद।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल द्वारा पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण के उद्देश्य से संचालित शगुन योजना के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस में कार्यरत उपनिरीक्षक धर्मपाल को उनकी पुत्री के विवाह के अवसर पर 2.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता हरियाणा पुलिस की कर्मचारी हितैषी एवं कल्याणकारी नीतियों का उत्कृष्ट उदाहरण है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने बताया कि हरियाणा पुलिस अपने कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं के प्रति सदैव संवेदनशील रही है।

### नशे से 30 से ज्यादा युवाओं की मौत का दावा, तस्करों पर कार्रवाई की मांग

# नशे के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा चौकी पहुंचकर पुलिस को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवाला में बढ़ते नशे के कारोबार के विरोध में मंगलवार को ग्रामीण एकजुट होकर पुलिस चौकी पहुंचे और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से युवा लगातार इसकी चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि हरजीवन सिंह ने बताया कि गांव में नशे के कारण अब तक करीब 30 से 35 युवाओं की जान जा चुकी है। इसके बावजूद नशा तस्करों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि गांव में खुलेआम नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जिससे कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने प्रशासन से गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की। ग्रामीण जसवीर सिंह खालसा ने आरोप लगाया कि शाम के समय बाहरी लोग गांव में आकर नशीले पदार्थ बेचते हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई प्रभावी नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस से नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखने की मांग की।

#### ग्रामीण बोले : पुलिस को देंगे पूरा सहयोग

सरपंच प्रतिनिधि हरजीवन सिंह ने कहा कि गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए ग्रामीण भी पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे। इसके साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी को नशा बेचने वालों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि गांव के युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

## नशा बेचने का विरोध करने पर पंचायत सदस्य पर हमला

**डबवाली।** उपमंडल के गांव अलीकां में नशा मुक्ति अभियान चलाने पर एक पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि नशा बेचने का विरोध करने से नाराज तीन युवकों ने उनके घर में घुसकर तलवार, लोहे के पाइप और डंडों से हमला किया। हमले में पंचायत सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें डबवाली से सिरसा रेफर किया गया है। पंचायत सदस्य गुरमीत सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बीती 18 जुलाई को गांव में नशा मुक्ति पंचायत का आयोजन किया गया था। इस पंचायत में युवाओं और नशा करने वाले लोगों को जागरूक कर नशा छोडने तथा गांव में नशा बेचने वालों का विरोध करने का निर्णय लिया गया था। गुरमीत सिंह के अनुसार, बीती 20 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे जब वे अपने घर पर काम कर रहे थे, तभी गांव के कुलदीप, अंशश और आकाशदीप बाइक पर सवार होकर उनके घर में घुस आए और तलवार से उनके सिर पर वार कर दिया। बचाव करते वक्त तलवार उनके हाथ पर लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों ने लोहे के पाइप और डंडों से भी हमला किया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल गुरमीत सिंह को पहले नागरिक अस्पताल डबवाली ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिरसा रेफर कर दिया गया। हमले में उनके हाथ और सिर पर कई टांके आए हैं। शहर थाना डबवाली पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



फतेहाबाद। जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल। फोटो: हरिभूमि

## न्यायालय परिसर में सेशन जज ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विशाल मेगा पौधरोपण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सुयशा जावा की देखरेख में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल के दिशा-निर्देशों में पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि फतेहाबाद जिले के प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 200 से 250 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार गर्ग, हेमंत यादव, नवेंदु जैन, पारिवारिक न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश शिखा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. गायत्री, न्यायिक दंडाधिकारी विनती तथा जैस्मिन बावा ने भी न्यायालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## अध्यापक पर हमले का मामला स्कूल में ग्रामीणों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। अध्यापक पर हमला करने के मामले में स्कूल में बैठक करते हुए ग्रामीण।

क्षेत्र के गांव जमाल में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक पर हुए जानलेवा हमले के बाद पूरे गांव में रोष का माहौल देखने को मिला। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में एक बैठक आयोजित कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और पीड़ित अध्यापक को न्याय दिलाने की मांग की। बैठक के दौरान जमाल पुलिस चौकी इंचार्ज रामकुमार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय जैसे सुरक्षित स्थान पर इस प्रकार की घटना बेहद चिंताजनक है और इससे शिक्षकों में भय का वातावरण बन गया है। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर भी असंतोष जताया। उनका कहना था कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। आपको बता दें कि बीते दिन गांव जमाल के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दसवीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने कक्षा में पढ़ा रहे अध्यापक सुनील कुमार पर कथित रूप से पेचकस से जानलेवा हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल अध्यापक का उपचार कराया गया, जबकि घटना के बाद विद्यालय और गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है

बैठक में सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी ओमप्रकाश डूडी ने अध्यापकों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की मांग की।

## युवाओं पर लाठियां नहीं बरसीं, उनके सपनों, संवैधानिक अधिकारों पर किया सीधा प्रहार

**फतेहाबाद।** दिल्ली में नीट परीक्षा धांधली और पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर फतेहाबाद के युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दिल्ली की सडकों पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कल केवल युवाओं पर लाठियां नहीं बरसीं, बल्कि उनके सपनों, संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक आवाज पर भी सीधा प्रहार किया गया है।मुकेश प्रजापति ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से पीड़ित और आक्रोशित युवा दिल्ली में केवल न्याय की गुहार लगा रहे थे। उनका एकमात्र अपराध यह था कि वे अपने सुनहरे भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ का सरकार से हिसाब चाहते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं को जवाब देने और संवाद स्थापित करने की बजाय बैरिकेड्स, आंसू गैस के गोलों और लाठीचार्ज का रास्ता चुना। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, यदि छात्र अपनी बात भी शांतिपूर्ण तरीके से नहीं रख सकते, संसद परिसर को घेराबंदी में बदल दिया जाए और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाएं, तो यह स्पष्ट दिखाता है कि सरकार अपने ही देश के युवाओं और सच से डर रही है। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की गंभीर परीक्षा है। युवा कांग्रेस नेता ने मांग की है कि नीट और अन्य परीक्षा प्रणालियों की विफलता तथा पेपर लीक जैसे गंभीर विषयों पर संसद में तत्काल विस्तृत और निष्पक्ष चर्चा कराई जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस पूरी विफलता की नैतिक एवं राजनीतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से तुरंत इस्तीफा दें।



मुकेश प्रजापति।

## प्राचार्या डॉ. शीला पूनिया राज्यपाल से सम्मानित



सिरसा। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित हुई एसएस स्कूल की प्राचार्या डॉ. शीला पूनियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने प्रतिष्ठित थैंक्स बैज से सम्मानित किया। यह सम्मान हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में प्रदान किया गया। डॉ. शीला पुनिया पिछले कई वर्षों से स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को बढ़ावा देने, छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव विकसित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व में स्कूल ने स्काउटिंग एवं गाइडिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। डॉ. शीला पूनिया ने कहा कि थैंक्स बैज सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी स्काउट्स एंड गाइड्स के क्षेत्र में और अधिक समर्पण, सेवा भाव व उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## इंस्टाग्राम की रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** इंस्टाग्राम पर हुई मामूली कहासुनी की रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विवेक सिंह उर्फ लक्की शर्मा निवासी वार्ड नंबर 4, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों को पकडने के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई रतिया के शक्ति नगर निवासी गौरव की शिकायत पर अमल में लाई गई है। शिकायतकर्ता गौरव के मुताबिक, 7 जुलाई की शाम को वह अपने दोस्तों के साथ कपड़े खरीदने बाजार गया था। जब वे खटीक मोहल्ला स्थित रामदेव मंदिर के पास पहुंचे, तो पहले से घात लगाए बैठे विवेक सिंह उर्फ लक्की शर्मा, विक्की शर्मा और उनके अन्य साथियों ने उनका रास्ता रोक लिया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गौरव को लहूलुहान कर दिया। वारदात के दौरान जब आसपास के लोग और दुकानदार मौके पर जुटने लगे, तो आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकियां देते हुए फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल गौरव को तुरंत नागरिक अस्पताल रतिया ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा रेफर कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित के बयानों, मेडिकल रिपोर्ट और मौके से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर 8 जुलाई को केस दर्ज किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विवेक उर्फ लक्की शर्मा को दबोच लिया।

## छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ : अरविंद

- जिला कांग्रेस फतेहाबाद के अध्यक्ष ने की पुलिस कार्रवाई की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला कांग्रेस फतेहाबाद के अध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और सरकार का दायित्व है कि वह युवाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करे, न कि बल प्रयोग के माध्यम से उनकी आवाज को दबाने का प्रयास करे। अरविन्द शर्मा ने कहा कि देश का युवा आज बेहतर शिक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, रोजगार और सुरक्षित भविष्य की मांग कर रहा है। यदि इन मांगों का उत्तर लाठीचार्ज, आंसू गैस और हिरासत के रूप में दिया जाएगा तो यह लोकतंत्र की भावना को आहत करने वाला कदम होगा।

#### शिक्षा व्यवस्था पर कांग्रेस का हमला

जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किये जाने पर नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को तुरंत प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। सरकार यदि ऐसा नहीं करती और युवाओं का दमन करती रही तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आन्दोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों और युवाओं के घायल होने की खबरें अत्यंत दुखद और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। वर्षों की मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का मनोबल टूट रहा है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी हुई है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती।



### गोरखपुर के पास डुम्मा वाले पुल पर लगाए जाल में

## भाखड़ा नहर में कूदे जांड़ली खुर्द के बुजुर्ग का शव तीसरे दिन मिला

**भूना।** गांव जांडली खुर्द निवासी 65 वर्षीय बलवीर सिंह का शव सोमवार देर रात गोरखपुर के निकट डुम्मा वाले पुल पर लगाए गए लोहे के जाल में फंसा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार शाम को गांव जांड़ली खुर्द में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार बलवीर सिंह पुत्र हरफूल सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रहे थे और उनका उपचार भी चल रहा था। शनिवार शाम वह गोरखपुर गांव के पास भाखड़ा नहर पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने अचानक नहर में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन नहर में तेज बहाव होने के कारण वह देखते ही देखते पानी में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तलाश अभियान शुरू किया गया। नहर में लगातार खोजबीन की गई तथा डुम्मा वाले पुल पर लोहे का जाल भी लगाया गया था, ताकि शव का पता लगाया जा सके। लगातार प्रयासों के बाद सोमवार देर रात शव उसी जाल में फंसा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। बताया गया है कि बलवीर सिंह अपने पीछे पत्नी व दो बेटे सत्यवान सिंह और कृष्ण कुमार को छोड़ गए हैं। दोनों विवाहित हैं और अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि बुजुर्ग का शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।



बलवीर सिंह

## पुलिस नाके पर बैरिकेड तोड़कर भागना पड़ा महंगा, दो आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

**फतेहाबाद।** नाकेबंदी के दौरान पुलिस ड्यूटी में बाधा डालने और तैनात होमगार्ड जवान पर गाड़ी चढ़ाकर उसे घायल करने के गंभीर मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ राठा पुत्र हंसराज निवासी बक्शी गली, टोहाना और सिकंदर पुत्र जय भगवान निवासी भाटिया नगर, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव बोडा, रतिया निवासी होमगार्ड जवान अंग्रेज सिंह की शिकायत पर यह कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## जिला योग प्रतियोगिता 26 जुलाई को गुरुकुल मताना में, 11 आयु वर्गों में प्रतिभा दिखाएंगे खिलाड़ी

**फतेहाबाद।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फतेहाबाद के तत्वावधान में 26 जुलाई रविवार को फतेहाबाद में हिसार रोड स्थित गुरुकुल मताना में एक दिवसीय जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता एसोसिएशन की जिला प्रधान सविता झाझड़ा तथा उपप्रधान रणदीप सिंवर गिलाखेड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। प्रतियोगिता को लेकर जिले भर के योग साधकों और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।एसोसिएशन के सचिव दारा सिंह आर्य बोदीवाली ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिलेभर से सैकड़ों योग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता कुल 11 आयु वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिनमें 8-10 वर्ष, 10-12 वर्ष, 12-14 वर्ष, 14-16 वर्ष, 16-18 वर्ष, 18-21 वर्ष, 21-25 वर्ष, 25-30 वर्ष, 30-35 वर्ष, 35-45 वर्ष तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं। इन सभी श्रेणियों में बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी अपनी-अपनी योगासन प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे।

**कार्यक्रम** भिरड़ाना के हरमन बने बेस्ट कब, दौलतपुर की छात्रा को बेस्ट बुलबुल सम्मान

### उत्कृष्ट योगदान देने के लिए अधिकारियों को किया सम्मानित

# स्काउट्स-गाइड्स में फतेहाबाद का परचम, 'कब' में प्रदेशभर में नंबर-1

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 44वीं वार्षिक बैठक का आयोजन चंडीगढ़ स्थित लोक भवन, राजभवन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष ने की। इस दौरान जिला फतेहाबाद ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 'कब' गतिविधियों में पूरे हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान तथा 'बुलबुल' गतिविधियों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, भिरड़ाना के प्रतिभाशाली छात्र हरमन को पूरे प्रदेश में बेस्ट कब के सम्मान से नवाजा गया। वहीं, राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला, दौलतपुर की छात्रा को बेस्ट बुलबुल सम्मान प्रदान किया गया। स्काउटिंग एवं कब-बुलबुल गतिविधियों को धरातल पर आगे बढ़ाने और उत्कृष्ट योगदान देने के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिला संगठन आयुक्त (कब) महाबीर प्रसाद, एलटी को प्रतिष्ठित पार्चमेंट अवार्ड से अलंकृत किया गया। इसके अलावा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता बाई को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। जिला संगठन आयुक्त बुलबुल कांता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट रामचंद्र तथा शैलेंद्र कुमार, एएलटी स्काउट को भी उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पित सेवाओं और योगदान के लिए पार्चमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।




फतेहाबाद। बैठक में सम्मानित जिले के कब-बुलबुल व स्काउट्स अधिकारी।

#### फतेहाबाद स्काउट-गाइड ने रचा इतिहास

*राज्य स्तर पर मिली इस बड़ी उपलब्धि से फतेहाबाद जिले के स्काउट-गाइड परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी उत्साह व हर्ष की लहर है। सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए जिला संगठन आयुक्त कब महाबीर प्रसाद ने इस सफलता का पूरा श्रेय जिले के सभी कब मास्टर्स, फ्लॉक लीडर्स, स्काउट मास्टर्स, अध्यापकों और नन्हे विद्यार्थियों की दिन-रात की मेहनत और समर्पण को दिया।*

## खबर संक्षेप

### स्काउट्स एवं गाइड्स समारोह में छाया सिरसा

**सिरसा।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सिरसा जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। सिरसा जिला स्काउट एवं गाइड दोनों विंग में ओवरऑल प्रथम रहा तथा जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गवर्नमेंट ओवरऑल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सिरसा जिले ने चार लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड सहित विभिन्न प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया।

### हेरोइन सहित युवक को गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 8 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चैकिंग के दौरान चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सूरज उर्फ कालू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### स्मैम स्कीम के तहत 23 तक जमा करवाएं दस्तावेज

**सिरसा।** सहायक कृषि अभियंता विजय जैन ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए स्मैम स्कीम के तहत ड्रा के माध्यम से चुने गए किसानों के लिए परमिट संबंधी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ड्रा द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए सभी किसान 23 जुलाई 2026 तक अपने दस्तावेज कार्यालय में जमा करवा दें। तय समय सीमा के बाद किसी भी दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित किसानों को पटवारी रिपोर्ट की मूल कॉपी सहित अन्य दस्तावेज देने होंगे।

### रंगोली पैलेस के पास हादसे में बच्चा घायल

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित रंगोली पैलेस के पास सोमवार रात हुए एक सड़क हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हंस कॉलोनी निवासी यश पुत्र बृजमोहन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार यश अपने दोस्त शालू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान रंगोली पैलेस के समीप एक स्कूटरी से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में यश गंभीर रूप से घायल हो गया।

### छात्रों पर लाठीचार्ज की सकसं ने की निंदा

**फतेहाबाद।** नई दिल्ली में प्रश्नपत्र लीक, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की सकसं ने निंदा की है। जिला प्रधान सुरजीत दुसाद ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि जितनी ताकत आंदोलन दबाने पर लगाई गई, उसके दसवें हिस्से की ताकत भी अगर पेपर लीक रोकने पर लगाई जाती तो समस्या और चोर दोनों पकड़े जाते।

## पालिका कार्यालय में तालाबंदी और अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

# विकास कार्यों पर घिरा पालिका प्रशासन पार्षदों ने मांगा चार साल का पूरा हिसाब

### विकास कार्यों की पारदर्शिता पर उठ रहे बड़े सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रतिया नगर पालिका में विकास कार्यों की पारदर्शिता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को नगर पालिका के पार्षद एकजुट होकर कार्यकारी अधिकारी शुभम के कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए वर्ष 2022 से अब तक हुए सभी विकास कार्यों और टेंडरों का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की मांग की। पार्षदों का आरोप है कि कई बार लिखित और मौखिक रूप से जानकारी मांगने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा रहा है। इससे विकास कार्यों की पारदर्शिता और धन के उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्षदों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि 24 जुलाई तक पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया तो 27 जुलाई से नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।पार्षदों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा पिछले चार वर्षों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। इनमें सड़कें, गलियां, नालियां, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पेयजल, सीवरेज और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं। लेकिन इन कार्यों से संबंधित पूरी जानकारी जनप्रतिनिधियों तक भी नहीं पहुंचाई जा रही। उनका कहना है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें अपने-अपने वार्डों में हुए कार्यों, स्वीकृत राशि और खर्च की जानकारी नहीं मिल रही।


रतिया। नगर पालिका के कार्यकारी सचिव को ज्ञापन देने पहुंचे पार्षद।

#### जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग

पार्षदों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि नगर पालिका के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उनका कहना है कि विकास कार्यों की पूरी जानकारी सार्वजनिक होने से जनता का विश्वास भी बढ़ेगा और यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच हो सकेगी। अब निगाहें 24 जुलाई पर टिकी हैं कि नगर पालिका प्रशासन पार्षदों को रिकॉर्ड उपलब्ध कराता है या फिर मामला आंदोलन और तालाबंदी तक पहुंचता है।

#### ये जानकारी मांगी

ज्ञापन में पार्षदों ने मांग की है कि वर्ष 2022 से अब तक नगर पालिका क्षेत्र में कराए गए प्रत्येक विकास कार्य का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। इसमें कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृत राशि, खर्च की गई राशि, कार्य शुरू और पूरा होने की तिथि, संबंधित ठेकेदार या एजेंसी का नाम, टेंडर प्रक्रिया, वर्क ऑर्डर तथा भुगतान का पूरा रिकॉर्ड शामिल किया जाए। उनका कहना है कि जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले प्रत्येक कार्य का हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए।

#### टालमटोल कर रहे

पार्षदों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से विकास कार्यों का रिकॉर्ड मांगा, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से जानकारी देने में टालमटोल की गई। उनका कहना है कि सूचना नहीं मिलने से न केवल विकास कार्यों की निगरानी प्रभावित हो रही है, बल्कि पार्षद अपने वार्डवासियों के सवालों का जवाब देने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ नियमों के अनुसार हुआ है तो रिकॉर्ड सार्वजनिक करना चाहिए।

#### 24 तक का अल्टीमेटम

पार्षदों ने प्रशासन को 24 जुलाई तक का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा तक मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो 27 से नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



सिरसा। जीएसटी विभाग के खिलाफ रोष जाहिर करते व्यापारी।

## जीएसटी विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी

### भगत सिंह चौक पर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

आयरन-टूल्स एंड ट्यूबवेल एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों ने जीएसटी विभाग की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर रोष का इजहार किया। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनी जेबें भरने के लिए भारी संख्या में पहुंचकर बाजार में भय और दहशत का माहौल बनाया जा रहा है, जो बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यापारी से कोई गलती होती भी है, तो नियमों के तहत जांच होनी चाहिए, न कि सीधे डराने-धमकाने वाली कार्रवाई। शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी और आर्थिक मंदी के बाद से ही व्यापारी पहले से ही दबाव में है और ऊपर से जीएसटी विभाग के अधिकारियों के इस प्रकार के रवैये ने उनकी सिरदर्दी को और बढ़ा दिया है। शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने कहा कि सरकार ने जब 50 हजार व 50 हजार से अधिक के बिल को ई-वे बिल अनिवार्य कर दिया गया है। यहां तक की 5 करोड़ से अधिक बिक्री वाले व्यापारी को ई-इन्वॉइसिंग कर दिया है तो ऐसे में जीएसटी की चोरी की कोई गुंजाइश ही नहीं रह जाती है। ऐसे में दुकानों पर छापेमारी समझ से परे की बात है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कपिल अरोड़ा, सुमित बंसल, सुखदयाल, भीम सिंगला, मदन, लोकेश जैन, सचिन खट्टर, अंकुर लोहिया, गौरव अरोड़ा, संजय ग्रोवर, अनमोल कुमार, अजय कुमार, सचिन, सतपाल सेतिया, रमेश कुमार, गोल्डी मेहता, राजकुमार सेठी, विजय कुमार गर्ग, मनोज बंसल, राजीव बंसल, अशोक गोयल, राजकुमार शर्मा, यश ग्रोवर, अमित बंसल, ध्रुव मोदी, दीपक, मदन टूज व अन्य मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन की एसकेएस ने की निंदा

**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ ने नई दिल्ली में प्रश्नपत्र लीक, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागने तथा बलपूर्वक आंदोलन समाप्त कराने की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जिला प्रधान मदन लाल खोथ ने कहा कि जितनी ताकत आंदोलन दबाने पर लगाई गई, उसके दसवें हिस्से की भी यदि पेपर लीक रोकने पर लगाई जाती तो समस्या भी समाप्त हो जाती और दोषी भी पकड़े जाते। चोर नहीं पकड़े गए, इसका सीधा अर्थ है कि उन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सवालों का जवाब देने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।




### आध्यात्म ही सशक्त प्रशासन का मूल आधारः राजयोगिनी आशा

**सिरसा।** आध्यात्म वो ताकत है जिसने हमारे भारत देश को पूरे विश्व में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कराया है। यहां के महान सन्त, उत्कृष्ट संस्कृति और आध्यात्म के प्रकाश ने भारत शब्द के अर्थ को सार्थक सिद्ध किया है, इस पवित्र भूमि पर विचरण कर चुके देवी देवताओं की मनमोहक प्रतिमाएं आज भी सुशासन का संदेश देती हैं। यह बात ब्रह्माकुमारीज राजयोगिनी आशा ने हिसार रोड पर स्थित आनंद सरोवर में संस्था के प्रशासक प्रभाग द्वारा आयोजित बेहतर प्रशासन के लिए मूल्य एवं आध्यात्मिकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारा वास्तविक और मूल स्वभाव ही सदभाव, नम्रता अर्थात आध्यात्मिकता है, अगर हम इन मूल्यों को गहराई से समझते हुए इन्हें बढ़ाने का लक्ष्य रखें तो हमारी प्रशासन कला निश्चित ही सशक्त और सुदृढ़ होगी। इसी विषय को और विस्तृत करते हुए दीदी ने महान ग्रंथ श्रीमदभगवत गीता की शिक्षाओं का भी उल्लेख किया और जीवन में साइलेंस को स्थान देने के लिए प्रेरित किया। हिसार मंडल की कमिश्नर गीता भारती ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य और श्रेष्ठ संस्कार कुशल प्रशासन के आधार स्तम्भ है जिसका अनुसरण हमारी कार्य प्रणाली को सहज और प्रभावशाली बनाता है।

### ठेकेदार से हिसाब करने निकला सेल्समैन लापता

फतेहाबाद। जिले के गांव भूथन कलां निवासी शराब ठेके के सेल्जमैन के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने शराब ठेकेदार पर पैसों के लेनदेन को लेकर उसे गायब करवाने का शक जताया है। शिकायत के आधार पर फतेहाबाद की सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भूथन कलां निवासी कांता रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति बलवान सिंह रोहतक जिले के गांव कान्ही स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन के तौर पर काम करते हैं। 17 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे वह घर से यह कहकर निकले थे कि उन्हें शराब ठेकेदार जयदीप से पैसों के लेनदेन का हिसाब करना है। इसके बाद से वह न तो घर लौटे और न ही परिवार से उनका कोई संपर्क हो सका। महिला ने बताया कि पति के मोबाइल पर लगातार कॉल करने पर फोन बंद आ रहा है।

## जिप सीईओ ढाणी माजरा में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया

■ वीबी जी रामजी योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डीआरडीए सुरेश कुमार ने ग्राम पंचायत ढाणी माजरा का दौरा कर वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। सीईओ सुरेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का उद्देश्य गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुए लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसके लिए ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका और ग्रामीणों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को वीबी जीरामजी योजना के उद्देश्य, लाभ एवं इसके अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया।


फतेहाबाद। ग्रामीणों से संवाद कर विकास कार्यों का निरीक्षण करते सीईओ।



### प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में विधि रही प्रथम

**सिरसा।** जिला स्तरीय वन महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजकीय स्कूल खैरपुर में कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए भी क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सिरसा जिला के विभिन्न स्कूलों के 57 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज कंपीटिशन में जहां आरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा विधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी स्कूल की छात्रा नेहा ने द्वितीय व चाहत ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा छह से आठवीं की पेंटिंग प्रतियोगिता में भाई कन्हैया शिक्षण संस्थान से आशना ने प्रथम, डीएवी स्कूल सिरसा की एंजल ने दूसरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऐलनाबाद की किरतपाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। नौवीं से 12वीं के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऐलनाबाद की कुमकुम को प्रथम स्थान मिला। इसी तरह पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारिया की शबनम द्वितीय और आरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वर्षा तृतीय रहीं।

## ब्लॉक स्तरीय खेलों में दिखाया दमखम

### बेटियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फाउंडेशन की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ब्लॉक स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। फाउंडेशन से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 17 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में कबड्डी खेल नर्सरी, गांव रंगड़ी खेड़ा की 10 तथा राजकीय कन्या विद्यालय, मेला ग्राउंड, सिरसा की 7 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान, जबकि अंडर-14 वर्ग की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर अंडर-19 वर्ग की 12 और अंडर-14 वर्ग की 5 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि फाउंडेशन पिछले करीब दो वर्षों से 250 से 300 खिलाड़ियों को पूरी तरह निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। फाउंडेशन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम, कोचों को दिया।


सिरसा। प्रतियोगिता के लिए चयनित 17 खिलाड़ियों को बधाई देते हुए।

## स्केटिंग प्रतियोगिता में सक्षम ने मारी बाजी, सोना जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित 55वीं केंद्रीय विद्यालय संभाग खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में जननायक चौधरी देवीलाल द स्केट पार्क अकादमी के सक्षम ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अकादमी के साथ-साथ सिरसा जिले का भी नाम रोशन किया है। सिरसा स्कूल जूनियर विंग में स्थापित द स्केट पार्क अकादमी की निदेशिका डॉ. सुमन बैनीवाल व कोच मनीष बिश्नोई ने संयुक्त रूप से सक्षम को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में सक्षम ने अंडर-14 वर्ग में हिस्सा लिया था। उसने अपने शानदार प्रदर्शन व कला कौशल से सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। उन्होंने बताया कि सक्षम काफी समय से द स्केट पार्क अकादमी में प्रशिक्षण ले रहा है और वह खेल के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। उन्होंने सक्षम के कौशल को भी सराहा।


सिरसा। स्कूटिंग प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता सक्षम।

### बेहतर संवाद और विनम्र व्यवहार से बढ़ती है कार्यस्थल की गरिमाः कनोजिया

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डिंग में जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्ट ने बताया कि दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में डाइट विषय विशेषज्ञ डॉ. राकेश मोहन ने अनुशासन एवं समयपालन विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित करते व्याख्यान हुए कहा कि अनुशासन और समयपालन किसी भी कर्मचारी की सबसे बड़ी पहचान होते हैं। डॉ. दलीप सिंह गोदारा ने कार्यस्थल की प्रशासनिक संरचना एवं रिपोर्टिंग प्रणाली विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिकाओं, कार्यस्थल पर अनुशासन, संवाद एवं उचित रिपोर्टिंग प्रणाली की जानकारी दी गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

### ठेके लूटने का आरोपी मानसा से गिरफ्तार

फतेहाबाद। गनपॉइंट पर शराब के ठेके पर हुई लूटपाट की गंभीर वारदात में थाना सदर टोहाना पुलिस ने गहनता से जांच और पहले गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी से पूछताछ के आधार पर एक और आरोपी को काबू करने में सफलता पाई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजय कुमार शर्मा उर्फ चांदी पुत्र लक्ष्मण निवासी गांव कुलरिया, जिला मानसा के रूप में हुई है। सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि गांव धारसूल कलां निवासी रघुबीर सिंह की शिकायत पर कार्रवाई शुरू की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 2 जुलाई की रात तीन अज्ञात बदमाशों ने गांव रुपावाली स्थित शराब ठेके पर धावा बोला था। बदमाशों ने वहां मौजूद सेल्समैन को हथियारों के बल पर बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी देकर करीब 14 से 15 हजार की नकदी लूट ली।

## 'एनआरआई वैवाहिक मुद्दे और चुनौतियां' पर जागरूकता कार्यक्रम

# एनआरआई शादियों में जल्दबाजी से बचें : प्रो. देविंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में मंगलवार को 'एनआरआई विवाह : सावधानियां और उपाय' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. बी. आर. अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत और राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ताओं का स्वागत कर किया गया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आज के युग में युवाओं और उनके अभिभावकों को एनआरआई विवाह से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं और सावधानियों के बारे में जागरूक होना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बीआर अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति प्रो. देविंदर सिंह रहे। उनके साथ विषय विशेषज्ञ के रूप में ईश्वर दास चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डॉ. बलविंदर कौर सहित अन्य लोगों ने जागरूक किया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

#### पहले दस्तावेजों का सत्यापन करवाएं

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विदेश में बसने और विवाह से जुड़ी विभिन्न सावधानियों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि एनआरआई शादियों में जल्दबाजी से बचना चाहिए। शादी से पहले वर/वधू के पासपोर्ट, वीजा स्टेटस, रोजगार, निवास स्थान और वैवाहिक स्थिति की पूरी तरह निष्पक्ष जांच और सत्यापन कराएं। वक्ताओं ने बताया कि एनआरआई विवाह का अनिवार्य रूप से भारत में कानूनी पंजीकरण होना चाहिए। इससे किसी भी अप्रिय परिस्थिति में कानूनी सहायता प्राप्त करना आसान हो जाता है। वक्ताओं ने बताया कि यदि कोई एनआरआई विवाह में धोखाधड़ी या उत्पीड़न का शिकार होता है, तो राष्ट्रीय महिला आयोग की विशेष सेल और दूतावासों के माध्यम से किस प्रकार कानूनी और प्रशासनिक मदद ली जा सकती है।